संख्या- 220 /2022/ 1949 /चार-2022

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊः दिनांक 20 दिसम्बर, 2022

विषय- दिनांक 19.08.2021 को भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में निकाली गयी शोभा यात्रा हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 1750 /सं0नि0-15(21)/2021-22, दिनांक 12 सितम्बर, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में पूर्व में निर्गत आदेश संख्या- 116/2022/510/चार-2022, दिनांक 31 मार्च, 2022 को निरस्त करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 19.08.2021 को भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में निकाली गयी शोभा यात्रा हेतु प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में रू0 7,51,561/- (रूपये सात लाख इक्यावन हजार पांच सौ इकसठ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं।

3. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0-92 के अधीन लेखाशीर्षक -2205-कला तथा संस्कृति- 102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन -16-नये क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना - 42- अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

संख्या- 220 /2022/ 1949 (1) /चार-2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।